# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-5

शुक्रवार, तिथि $\frac{\text{17 माघ, 1947 (श०)}}{\text{06 फरवरी, 2026 (ई०)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 137

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | .. | 20 |
| (2) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | .. | 84 |
| (3) | पर्यटन विभाग | .. | .. | .. | 21 |
| (4) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | .. | 06 |
| (5) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | .. | 02 |
| (6) | विधि विभाग | .. | .. | .. | 04 |
| | | | | कुल योग -- | 137 |

तार बदलना

*179. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बैसा प्रखंड के अधिकांश ग्रामों में विद्युत् तार जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड के ग्राम पलसबाड़ी एवं ननदनिया पंचायत के वार्ड नं०05 के केलालबाड़ी गांव में दो साल से तार जर्जर है जिसके कारण उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में जर्जर विद्युत् तारों को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रावधान के अनुरूप व्यवस्था कराना

*180. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड में P.H.C. को वर्ष 2024 में C.H.C. का दर्जा मिला था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष बीत जाने के पश्चात् भी उक्त अस्पताल में P.H.C. के Criteria के अनुरूप इलाज हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में कबतक P.H.C. के Criteria के अनुरूप व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ब्लड बैंक का संचालन

*181. मो० फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सिकरहना अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड बैंक हेतु पृथक भवन उपलब्ध होने के बावजूद आजतक ब्लड बैंक संचालित नहीं होने के कारण ब्लड बैंक के अभाव में प्रसूता महिलाओं, आपातकालीन मरीजों को रक्त की व्यवस्था के लिये बाहर भटकना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिकरहना अनुमंडलीय अस्पताल, रक्सौल अनुमंडल एवं पकड़ीदयाल अनुमंडल के कई प्रखंडों के बीच स्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में ब्लड बैंक को शीघ्र संचालन कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

खेतों तक बिजली पहुंचाना

*182. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के चतरा गबरौड़ा उत्तर, चतरा गबरौड़ा दक्षिण, ईनरवा, चन्द्रौह, कन्हौली, भकुआ पंचायत में अभीतक किसानों के खेतों में सिंचाई के लिये बिजली नहीं पहुंचायी गयी है जिसके कारण किसानों को डीजल पंप से पटवन करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में किसानों के खेतों तक बिजली पहुंचाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

शौचालय सहित चहारदीवारी का निर्माण कराना

*183. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बेलागंज प्रखंड में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलागंज का भवन काफी जर्जर है तथा शौचालय एवं चहारदीवारी नहीं रहने के कारण कभी भी अनहोनी होने की आशंका से वहां कार्यरत डॉक्टर, नर्स सहमे रहते हैं तथा चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे डॉक्टर सहित स्थानीय मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेलागंज का भवन, शौचालय सहित चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उपस्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराना

*184. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत टिकारी प्रखंड के ग्राम पंचायत छठवां में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को अपातकालीन स्थिति में 10 कि०मी० की दूरी तय कर जाना होता है एवं गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम पंचायत में उपस्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पौराणिक स्थल विकसित करने के संबंध में

*185. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखण्ड पकरीबरावां के ग्राम-बुधौली में पौराणिक काल से ही बौद्ध मठ, 10 एकड़ का तलाब, 52 कोठी, 53 द्वार, दुर्गा मंडप इत्यादि भव्य ढंग से बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुधौली के उक्त स्थलों की विशिष्ठ को देखने के लिये सालों भर पर्यटक आते रहते हैं, परन्तु पर्यटकों की सुविधा के लिये वहां कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बुधौली को मूलभूत सुविधा के साथ पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने तथा बोधगया एवं राजगीर इत्यादि स्थलों में भ्रमण करने वाले पर्यटकों की बस बुधौली तक लाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तालाब का जीर्णोद्धार

*186. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया नगर परिषद् क्षेत्र अन्तर्गत चकिया मन झील में सालों भर पानी लगा रहता है एवं वहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त झील का सौंदर्यीकरण कराते हुये पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ग्रिड का निर्माण

*187. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत प्रखंड काको में विद्युत् ग्रिड नहीं होने से नालन्दा, मसौढ़ी एवं घोसी को निर्बाध विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो उक्त प्रखंड में सरकार विद्युत् ग्रिड के निर्माण हेतु विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पावर सब-स्टेशन निर्माण

*188. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखण्ड इस्लामपुर नगर के अलीगंज ग्रामीण घनी आबादी वाला क्षेत्र में पावर सब-स्टेशन स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर अतिरिक्त सब-स्टेशन स्वीकृत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामीण क्षेत्र में कबतक अतिरिक्त स्वीकृत पावर सब-स्टेशन लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं भवन निर्माण करना

*189. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के तारडीह प्रखंड के कुसौं नदियामी स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों, नर्सों एवं ड्रेसरों की पदस्थापना स्वीकृत रिक्ति के विरुद्ध नगण्य तथा भवन की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सकों एवं स्टाफ के अभाव के कारण मरीजों का इलाज समुचित ढंग से नहीं हो पा रहा है साथ ही जर्जर भवन के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा देने में काफी कठिनाई होती है और हमेशा जान का खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में मानक के अनुरूप चिकित्सकों एवं ड्रेसरों की स्थायी प्रतिनियुक्ति एवं नये भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पार्क के रूप में विकसित कराना

*190. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनु सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन स्थित एनीकट के सोन नदी तट पर बाबा झारखंडी महादेव मंदिर अवस्थित है जहां अति प्राचीन शिवलिंग है जिसके दर्शन एवं पूजन हेतु भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आवगमन होता रहता है, उक्त मंदिर के पास ही सोन नदी तट पर सोन आरती किया जा रहा है, वहां भी लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर एवं सोन नदी के उक्त तटक्षेत्र का सौंदर्यीकरण कराते हुये पार्क के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिनियुक्ति करना

*191. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के रेफरल अस्पताल, रामगढ़ तथा नुआंव और दुर्गावती प्रखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अल्ट्रासाउंड मशीन, सी०टी० स्कैन मशीन एवं MRI मशीन नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पतालों में हड्डी रोग विशेषज्ञ, नस रोग विशेषज्ञ तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में उक्त सभी जीवन रक्षक मशीन स्थापित कराने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रीफैब अस्पताल का संचालन

*192. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्थापित 20 बेड का प्रीफैब अस्पताल में शिशुरोग विशेषज्ञ, पारा मेडिकल स्टाफ एवं दक्ष टेक्निशियन की कमी के कारण सुचारू रूप से संचालित नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल का उद्देश्य नवजात एवं छोटे बच्चों को गंभीर स्थिति में वार्मअप या आई०सी०यू० की सुविधा के साथ इलाज किया जाना है, परन्तु यहाँ पहुँचने वाले बच्चों को अन्य अस्पताल में रेफर किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर स्थित प्रीफैब अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*193. श्री मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत पलासी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पलासी का उत्क्रमण नहीं किये जाने के कारण प्रखंड के रोगियों को इलाज कराने अररिया जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उत्क्रमित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण करना

*194. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मैदापुर में 3 वर्ष पूर्व उप-स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी परंतु आजतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मैदापुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मेडिकल कॉलेज खोलना

*195. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा में मेडिकल कॉलेज बनाने हेतु वर्ष 2023 में बिहार कैबिनेट से स्वीकृति प्राप्त है तथा जिला प्रशासन द्वारा सहरसा सदर अस्पताल में उपलब्ध भूमि में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल एवं अस्पताल खोलने हेतु भूमि चयनित कर विभाग को भेजा गया है परंतु विभागीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण अभीतक निर्माण कार्य लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सहरसा सदर अस्पताल में ही उपलब्ध भूमि पर मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*196. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर )--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिले के फुल्लीडूमर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सादपुर स्थित झरना कुण्ड (पहाड़) वर्षों से पर्यटकीय स्थल के रूप में विकसित नहीं की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ हर वर्ष मकर-संक्रांति के अवसर पर हजारों लोग धार्मिक अनुष्ठान एवं भ्रमण के लिए आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को जनसुविधा के लिए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रतिनियुक्ति करना

*197. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत प्राणपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्राणपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण महिला रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राणपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटक स्थल घोषित करना

*198. श्री भाई बिरेंद्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर )--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत मनेर प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत किन्ता चौहत्तर पश्चिमी के ग्राम-हल्दी छपरा में गंगा, सोन एवं सरयुग नदियों का संगम स्थल है, जहाँ प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक आते है, लेकिन पर्यटकीय सुविधा नहीं रहने के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करने के साथ ही विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रोपवे निर्माण कराना

*199. श्रीमती स्नेहलता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम में शेरगढ़ किला और रोहतासगढ़ किला जैसे ऐतिहासिक स्थल रख-रखाव के अभाव में जर्जर हो रहे हैं तथा उक्त वर्णित किला तक पहुँचने के लिए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु रेलिंग, लाईटिंग और पहुँच मार्ग (Paved Roads) की स्थिति दयनीय है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त किलों तक पहुँचने के लिए रोपवे (Ropeway) निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रेफरल अस्पताल बनवाना

*200. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चंपारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आसपास के क्षेत्रों में काफी संख्या में लोग इलाज के लिए आते है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आदिवासी एवं जन-जातीय बाहुल्य क्षेत्र में उत्तम स्वास्थ्य सुविधा हेतु रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल के रूप में परिवर्तित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

गुप्ता धाम में लाइट, साउंड एवं लेजर शो की व्यवस्था

*201. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के चेनारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध गुप्ता धाम मंदिर, जो धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, वहाँ साउंड, लाइट एवं लेजर शो की व्यवस्था नहीं होने के कारण इसके ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक महत्व का समुचित प्रचार-प्रसार नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार गुप्ता धाम मंदिर परिसर में साउंड, लाइट एवं लेजर शो की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ तो, कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

नया भवन एवं आवासीय आवास बनाना

*202. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल का भवन जीर्ण शीर्ण रहने के कारण मरीजों एवं चिकित्सक तथा चिकित्सा कर्मियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा कभी भी अप्रिय घटना घटने की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रेफरल अस्पताल का नया भवन बनाने के साथ चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी के लिए आवासीय आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तार लगाना

*203. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर )--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड करगहर ग्राम-सिवन, ठोरसन पूर्वी, प्रखंड कोचस के ग्राम-सोरठी एवं प्रखंड शिवसागर के ग्राम-पड़री तथा रसेन्दुआ में कृषि कार्य का बिजली का तार चोर द्वारा काट लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली आपूर्ति नहीं होने पर किसानों को कृषि कार्य करने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में चोरी की गयी बिजली तार को पुनः लगाने एवं चोरी की रोक-थाम का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति

*204. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या 10 रक्सौल)- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सीमावर्ती रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल में मात्र 04 एलोपैथी, 01 होम्योपैथी और 01 आयुर्वेदिक डॉक्टर कार्यरत हैं, जबकि यहाँ स्त्री रोग, सर्जन, हड्डी, शिशु, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तथा जी०एन०एम० का अभाव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एनेस्थीसिया, वेंटिलेटर और लेप्रोस्कोपी जैसे जीवन रक्षक उपकरणों की कमी से मरीजों को बाहर या निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति, उपकरणों की व्यवस्था और बेड विस्तार कराने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉमा सेन्टर का निर्माण

*205. श्री अरुण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर में ट्रॉमा सेन्टर नहीं रहने के कारण दुर्घटना में घायल मरीजों को इलाज के लिए पटना जाना पड़ता है जिसमें अधिकतर मामले में मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बख्तियारपुर में ट्रॉमा सेन्टर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटन स्थल का विकास

*206. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पीपराकोठी प्रखंड में देश का दूसरा कबीर स्तूप अवस्थित है जहां अनंत चतुर्दशी को देश एवं पड़ोसी देश नेपाल के पर्यटक आते हैं, यदि हाँ, तो पर्यटकीय दृष्टि से विकास कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

केबुल का तार बदलना

*207. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या 152 बिहपुर) क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के खरीक प्रखंड अंतर्गत खरीक टाउन फीडर से पुराना हॉस्पिटल के पास ध्रुवगंज सती माँ स्थान के बीच 11000 वॉल्ट का तार बगीचा से गुजरने के कारण नागर टोला से अठनियाँ के बीच पेड़ के ऊपर से गुजरने के कारण बार-बार फेज शॉर्ट कर जाता है;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार एल्युमिनियम तार के स्थान पर 11000 वॉल्ट का केबुल का तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

परीक्षा आयोजित करना

*208. श्री अवधेश सिंह (क्षेत्र संख्या-123 हाजीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा दो वर्षीय सत्र 2024-2026 में एम०एस०सी० नर्सिंग में नामांकित छात्रों के प्रथम वर्ष की परीक्षा अभीतक आयोजित

नहीं कराई गई है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं में काफी आक्रोश है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विश्वविद्यालय में सत्र 2024-2026 में नामांकित M.SC नर्सिंग के प्रथम वर्ष के छात्रों की परीक्षा कबतक आयोजित कर परीक्षाफल प्रकाशित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदस्थापित करना

*209. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, विभूतिपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक का पद सृजित है, किंतु स्त्री रोग विशेषज्ञ के पदस्थापित नहीं होने के कारण महिला रोगियों को गर्भावस्था, प्रसव एवं स्त्री रोग से संबंधित इलाज कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ को पदस्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मेडिकल कॉलेज खुलवाना

*210. मो० कमरुल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार सरकार द्वारा माह अगस्त, 2025 में किशनगंज, कटिहार सहित कुल सात जिलों में नए सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाने का प्रस्ताव लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किशनगंज जिला के लिए प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को प्रखंड किशनगंज अथवा प्रखंड पोठिया में खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जांच की सुविधा प्रदान करना

*211. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीटी, MRI रूटीन चेकअप और अन्य पैथोलॉजिकल जांच की व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी अस्पतालों में समुचित चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा देना

*212. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि तेजनारायण यादव, पिता-ललन यादव, ग्राम-खचरियाँव, पोस्ट-नचाप, थाना-बगेन गोला, जिला-बक्सर का दिनांक 21 अक्तूबर, 2022 को विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु हो गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा विद्युत् स्पर्शाघात से मृत्यु के बाद 04 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की गई है तथा घटना के बाद बगेन थाना केस नं 07/2022 दर्ज किया गया था, लेकिन उक्त पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा आजतक कोई मुआवजा नहीं दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पीड़ित परिवार को मुआवजा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*213. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले के नगर क्षेत्र में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में वर्तमान में पर्याप्त बेड, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं विशेषज्ञ परामर्श की सुविधाओं का अभाव है, के कारण मरीजों को सदर अस्पताल एवं अन्य अस्पतालों पर निर्भर होना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा नगर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को न्यूनतम 10 से 15 बेडयुक्त उन्नत स्वास्थ्य इकाई बनाने आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित करने, उन्हें सदर/मायागंज/सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल से टेली-मेडिसिन के माध्यम से जोड़ने, केंद्रीकृत कंट्रोल रूम की स्थापना करने तथा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मरीजों की सुविधा हेतु Patient Co-ordination Team गठित करने पर विचार किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस संबंध में ठोस एवं समयबद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

रेफरल अस्पताल व्यवस्था

*214. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज रेफरल अस्पताल में अव्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में मरीजों को अनावश्यक बाहर के निजी अस्पतालों में रेफर किये जाने के कारण गरीब रोगियों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त रेफरल अस्पताल मे समुचित चिकित्सकीय व्यवस्था बहाल कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को संचालित करना

*215. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड में पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्य बाजार में था जो प्रखंड के बीचो-बीच स्थित है, जहाँ चारों दिशाओं से आवागमन की सुविधा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरतपुरा उक्त प्रखंड के पूर्वी दक्षिणी छोर पर स्थित है, जो मुख्य बाजार से 5 कि०मी० की दूरी पर है तथा आवागमन की सुविधा का अभाव है, जिसके कारण प्रखंड के कई गाँवों के आमजन को स्वास्थ्य लाभ की उचित सुविधा नहीं मिल पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दुल्हिनबाजार प्रखंड में पूर्व के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को पुनः प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करना

*216. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट विधान सभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गायघाट में स्वीकृत पदों के विरुद्ध नाममात्र चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तथा स्त्री रोग चिकित्सक नहीं रहने के कारण प्रसव एवं स्त्री रोग संबंधी उपचार हेतु कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि है उक्त केन्द्र में जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसव के दौरान निःशुल्क भोजन विगत दो वर्षों से नहीं दिये जाने के कारण महिला मरीजों में काफी आक्रोश है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मरीजों की संख्या के दृष्टिकोण से उक्त केन्द्र में मानक के अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराने तथा महिलाओं को प्रसव के दौरान निःशुल्क भोजन को ससमय दिये जाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन

*217. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड-फुलवारीशरीफ, पंचायत फरीदपुर के ग्राम पसही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन वर्ष 2023 में ही पूर्ण रूप से बनकर तैयार है परंतु अभीतक इसे चालू नहीं किये जाने के कारण ग्रामीण जनता को इलाज कराने हेतु 07 किलो मीटर दूर एम्स अस्पताल जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को वर्तमान वित्तीय वर्ष में संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल का निर्माण कराना

*218. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला अन्तर्गत बगहा-1अनुमंडलीय अस्पताल का भवन जर्जर परित्यक्त घोषित कर जमींदोज किया जा चुका है तथा इसके निर्माण हेतु वर्ष 2025 में 29. 99 करोड़ रुपये की लागत से 100 बेड वाले नए आधुनिक अस्पताल का टेंडर प्रक्रिया पूरा हो चुका है लेकिन अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटकीय सुविधाओं में सुधार

*219. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड में अवस्थित माँ नकटो भवानी मंदिर देवोगंज के सौंदर्यीकरण के लिए वर्ष 2010-11 में पर्यटन विभाग के द्वारा 61 लाख 15 हजार की राशि आवंटित की गई थी तथा उक्त मंदिर में विवाह भवन और अन्य मूलभूत सुविधा नहीं रहने के कारण पर्यटकों को काफी असुविधा होती है तथा प्रतिवर्ष 1 जनवरी को ग्रामीणों के द्वारा माँ नकटो भवानी का महोत्सव आयोजित की जाती है, जिसमें दूर-दूर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मंदिर स्थल को पर्यटकीय सुविधाओं में सुधार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

विशेषज्ञ डॉक्टरों का पदस्थापन

*220. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगांव अनुमंडलीय अस्पताल, जो एन०एच० 80

पर स्थित होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं के लिए प्राथमिक उपचार केन्द्र है, वहां विशेषज्ञ चिकित्सों विशेषकर सर्जन एवं आर्थोपेडिक और आधुनिक उपकरणों का घोर अभाव है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत एक वर्ष में कहलगाँव और पीरपैंती क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं के अधिकांश मरीजों को बेहतर इलाज न मिल पाने के कारण भागलपुर (JLNMCH) रेफर करना पड़ा, जिससे रास्ते में ही कई लोगों की मृत्यु हो गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कहलगाँव में एक सुसज्जित 'ट्रॉमा सेंटर' स्थापित करने और रिक्त पड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों पर पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भुगतान करना

*221. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत ईरकी ग्राम में ईरकी पेट्रोल पंप के सामने शिवम् राज दरबार होटल में दिनांक 21 मार्च, 2020 से 17 मई, 2020 तक आपदा प्रबंधन, जहानाबाद के द्वारा क्वारंटाइन सेंटर के रूप में रखा गया था परन्तु उक्त होटल को क्वारंटाइन के दौरान तय किराया का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त होटल को क्वारंटाइन के दौरान तय किये गये किराये का भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन निर्माण एवं पदस्थापना करना

*222. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चिरैया प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 23 पंचायत की आबादी इलाज हेतु निर्भर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर हो गया है एवं छत से पानी चूता है तथा आबादी के अनुपात में उक्त अस्पताल में चिकित्सक का पदस्थापन नहीं रहने तथा सुविधा का अभाव रहने के कारण स्थानीय मरीजों को इलाज हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कर आवश्यकता अनुरूप चिकित्सक की पदस्थापन तथा आधुनिक जाँच मशीनों की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*223. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड के देव पंचायत में ग्राम-देव में प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र के लिए भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, लेकिन अभी तक भवन का निर्माण कार्य लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*224. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लु गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के विधान सभा क्षेत्र सुगौली अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रामगढ़वा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित किया गया है, किन्तु भवन के अभाव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अनुरूप चिकित्सक तथा चिकित्सकीय उपकरण उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रखण्ड के 16 पंचायतों के मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रामगढ़वा का निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत् कार्य कराना

*225. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली प्रखंड के बंसतपुर एवं भिखना पंचायत में किसानों को सिंचाई हेतु उपभोक्ता बनाया गया है, परन्तु किसानों के खेतों तक बिजली पोल, तार एवं बिजली घर का निर्माण नहीं हुआ है जिससे सिंचाई कार्य बाधित है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्युत् कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

एम्बुलेंस का संचालन

*226. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के सदर अस्पताल, अररिया में सभी एम्बुलेंस पटना के एजेन्सी द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिसके कारण मरीजों को नियमित रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित अस्पताल में स्थानीय एजेन्सी द्वारा एम्बुलेंस संचालित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल का जीर्णोद्धार

*227. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड सोनवर्षा अन्तर्गत पंचायत लगमा में अवस्थित् अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर है तथा डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ की कमी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, लगमा का भवन जर्जर रहने के कारण स्थानीय मरीजों को इलाज हेतु लगभग 10 कि0मी0 दूर अन्यत्र अस्पताल में जाना पड़ता है, जिस कारण कभी कभी मरीजों के साथ अप्रिय घटना भी घटित हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार तथा डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

महिला चिकित्सक का पदस्थापन

*228. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के C.H.C. मोहिउद्दीननगर एवं अनुमंडलीय अस्पताल, शाहपुर पटोरी में महिला सर्जन चिकित्सक का पदस्थापन नहीं होने के कारण गर्भवती महिलाओं एवं गरीब मरीजों को समुचित इलाज हेतु अन्यत्र भेजना / जाना पड़ता है, जिस कारण दुर्घटनाएँ भी हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार C.H.C. मोहिउद्दीननगर एवं अनुमंडलीय अस्पताल, शाहपुर पटोरी में महिला सर्जन चिकित्सक के पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

राशि खर्च करने

*229. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि संस्कृत विद्यालयों तथा मदरसों में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास निधि की राशि खर्च करने हेतु स्पष्ट सरकारी गाइड लाइन विभाग को अप्राप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास निधि से सरकारी मान्यता प्राप्त मदरसों तथा संस्कृत विद्यालयों को सरकार भवन का निर्माण करती है ;

(3) क्या यह बात सही है कि स्पष्ट गाइड लाइन नहीं होने के कारण अधिकांश संस्कृत विद्यालय व मदरसे जो सरकारी हैं, उनमें भवनों, शौचालयों तथा चहारदीवारी विहीन है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संस्कृत विद्यालय तथा मदरसों में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास निधि की राशि खर्च करने हेतु गाइड लाइन जारी करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना

*230. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड में अवस्थित बाबा झुमराज स्थान, बटिया एवं ब्रह्मस्थान गण्डा काफी ख्याती प्राप्त मंदिर है, जो सैकड़ों वर्ष पुराना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों स्थलों पर हजारों धार्मिक श्रद्धालुओं एवं यात्रियों पूजा अर्चना के लिये आते-जाते रहते हैं, जहां इन्हें मूलभूत सुविधा शौचालय, स्नानागार एवं ठहरने के लिये काफी परेशानी हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित दोनों पर्यटन स्थल पर उक्त मूलभूत सुविधा व्यवस्था को विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा भुगतान

*231. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आपदा प्रबंधन विभाग के संकल्प संख्या 2901/आ०प्र०, दिनांक 03 अक्टूबर, 2008 के अनुसार गैर-प्राकृतिक आपदा की स्थिति में व्यक्ति समूह के कुप्रभावित होने की स्थिति में ही सिर्फ अनुग्रह अनुदान अनुमान्य है एवं एकल मृत्यु की स्थिति में अनुदान नहीं की जाती है, यदि हाँ, तो सरकार गैर-प्राकृतिक आपदा में एकल मृत्यु की स्थिति में अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् का कनेक्शन

*232. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के फेनहारा प्रखंड अन्तर्गत देवकुलिया में नवनिर्मित नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का विधिवत् उद्‌घाटन अक्टूबर, 2025 में किया गया है, किन्तु

विद्युत् कनेक्शन नहीं होने के कारण अस्पताल में चिकित्सीय कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सी०एच०सी० में शीघ्र विद्युत् कनेक्शन कराने का विचार रखती है ?

---

डॉक्टर की पदस्थापना

*233. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सकरा प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिहो में एक भी चिकित्सक कार्यरत नहीं रहने के कारण मरीजों को ओ०पी०डी० की सामान्य सुविधा नहीं मिल पा रही, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्रा०स्वा० केन्द्र, सिहो में चिकित्सक को पदस्थापित कर 24 घंटे चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा मुहैया कराना

*234. श्री जयन्त राज (क्षेत्र संख्या-159 अमरपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान सभा क्षेत्र के अमरपुर प्रखंड में जेठौर नाथ महादेव मंदिर जेठौर पहाड़ है जहां पर्यटकों को मूलभूत सुविधा नहीं मिलने के कारण कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राचीन जेठौर मंदिर को पर्यटन का दर्जा दिलाते हुये श्रद्धालुओं के लिये सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

मुआवजा राशि का भुगतान

*235. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम प्रखंड स्थित पंचायत सैदाबाद, ग्राम-बभनकनपा के रितेश कुमार, पिता-श्री सुरेन्द्र पासवान की मृत्यु दिनांक 21 जुलाई, 2023 को सर्प के काटने से एवं प्रखंड बिक्रम, नगर पंचायत बिक्रम, ग्राम खोरैठा, वार्ड नं० 4 के ध्रुव कुमार, पिता श्री अजय तिवारी की मृत्यु दिनांक 26 अगस्त, 2025 को अरवल बड़ी सोन नहर में डूबने से हो गया था, जिसका सत्यापन अंचलाधिकारी द्वारा किये जाने के बावजूद भी आजतक आश्रित परिवारों को मुआवजा की राशि का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मृतक के आश्रित परिवारों को मुआवजा की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति करना

*236. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत पचीरा में वर्ष 2020 में निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बंद पड़ा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित स्वास्थ्य केन्द्र में आजतक डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति नहीं होने से नवनिर्मित स्वास्थ्य केन्द्र बदहाली के कगार पर पहुंच गया है एवं आमजनता को इलाज हेतु प्रखंड एवं जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की प्रतिनियुक्ति कर संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉमा सेंटर की स्थापना

*237. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा क्षेत्र में एक भी ट्रॉमा सेंटर स्थापित नहीं है, जबकि इस क्षेत्र से होकर आरा-मोहनिया मुख्य सड़क/हाइवे गुजरता है, जिस पर प्रतिदिन भारी यातायात के कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दुर्घटनाओं में घायल सैकड़ों मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण पटना अथवा वाराणसी जैसे दूरस्थ शहरों में रेफर किया जाता है, जिससे कई बार दुर्घटनाग्रस्त की जाने भी चली जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक दिनारा विधान सभा क्षेत्र में उक्त मार्ग पर ट्रॉमा सेंटर की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*238. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायत हेतु यथा बन्द्वार, रजौड़ा एवं सांख में अबतक विभागीय भवन वाले उप-स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2024 में ही प्रशासनिक स्वीकृत विभाग द्वारा प्रदान की जा चुकी है, परन्तु अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामिणों को प्राथमिक उपचार हेतु काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित को देखते हुये उक्त सभी पंचायतों में स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केन्द्रों का भवन निर्माण यथाशीघ्र प्रारंभ कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन उपलब्ध कराना

*239. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह विधान सभा क्षेत्र के पौथू पंचायत (रफीगंज प्रखण्ड) में स्थापित उप स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा मिलने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र को अपना भवन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कवर्ड वायर लगाना

*240. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पारू विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत गोरीगामा, मढ़ौल, नया टोला गोपालपुर एवं बहिलवारा उत्तरी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में 11,000 वोल्ट (HT Line) के नंगे तार लोगों के घरों के ठीक ऊपर से गुजर रहा है तथा इन उच्च शक्ति वाले तारों के कारण आये दिन जान-माल की हानि हो रही है और ग्रामीणों के बीच हमेशा किसी अनहोनी का भय बना रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गांवों में गुजर रहे नंगे तारों को हटाकर कवर्ड वायर (AB Cable) लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*241. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुम्हेला के जमीन उपलब्ध रहने एवं निविदा के बाद भी भवन का निर्माण नहीं होने से आमजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराना

*242. श्री त्रिविक्रम नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 'बिहार प्रगति यात्रा' के दौरान सरकार द्वारा औरंगाबाद के देव (पातालगंगा) में राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापना करने की सार्वजनिक घोषणा की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिये रु० 400 करोड़ की राशि आवंटित होने के बावजूद निर्माण कार्य अबतक लंबित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*243. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ० ज० जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनोहरपुर पंचायत के वाणीपुर प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र में मानक के अनुरूप कमरे और चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र में कमरे और चहारदीवारी के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*244. श्री बैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा )--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सदर अस्पताल में जले हुए (Burn) मरीजों के इलाज के लिए अलग से बर्न वार्ड के साथ विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 27 दिसम्बर, 2025 को सीतामढ़ी जिला के ढेन ग्राम में खाना बनाने के क्रम में आग से जली महिला स्वर्गीय फुलझड़ी देवी का इलाज ससमय नहीं होने के कारण मृत्यु हो गई थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक सीतामढ़ी सदर अस्पताल में बर्न वार्ड स्थापित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पोल एवं नया तार लगाना

*245. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत चकपहाड़ पंचायत के वार्ड नं० 08 रतनाहा चौर, जंगलाही पोखरा के समीप एवं लरूआ पंचायत के भरही स्कूल के पूरब चौर, उदहा चौर और कंकराहा चौर में कृषि फीडर का लगभग 100 पोल से ज्यादा का तार चोरों द्वारा काट लिया गया था एवं उक्त स्थानों पर नया तार नहीं लगने के कारण कृषि फीडर से विद्युत् आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे किसानों में असंतोष है, यदि हाँ, तो उक्त स्थानों पर पोल एवं नया तार लगाकर विद्युत् आपूर्ति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*246. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधान सभा क्षेत्र नरकटिया अन्तर्गत बंजरिया एवं छोड़ादानो प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण प्रसूति महिलाओं का चिकित्सा परामर्श में असहज की स्थिति होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एक्स-रे मशीन के अभाव में चोटिल मरीज को प्राईवेट अस्पताल में जाकर एक्स-रे करानी पड़ती है, साथ ही नर्स के अभाव में महिला मरीजों एवं अन्य मरीजों को कठिनाइयों को सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त चिकित्सा केन्द्र में एक्स-रे मशीन स्थापित एवं महिला चिकित्सा एवं नर्स की पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

इमरजेंसी वार्ड का निर्माण कराना

*247. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला का रून्नीसैदपुर 33 पंचायतों का बड़ा प्रखंड है तथा यहाँ स्थित सामुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र में आपातकालीन इलाज करने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा रहती है, किन्तु इमरजेंसी भवन नहीं रहने के कारण मरीजों को बाहर रहकर इलाज करना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र में 30 बेड का इमरजेंसी वार्ड के भवन का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सौन्दर्यीकरण करना

*248. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गजना धाम धार्मिक न्यास पर्षद के अधीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर लाखों श्रद्धालु आते हैं परन्तु सौन्दर्यीकरण नहीं होने से आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर का सौन्दर्यीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*249. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला अन्तर्गत शिवहर नगर परिषद् में श्रीराम जानकी मठ सदियों पुरानी आस्था और संस्कृति का प्रतीक है तथा प्रथम बार इस मठ का जीर्णोद्धार 1345 विक्रम संवत में हुआ था, उस समय यहाँ रामायण काल से जुड़ी कई प्राचीन मूर्तियाँ और अवशेष मिले थे ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मठ का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन एवं चहारदीवारी बनाना

*250. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीमातढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेना का भवन जीर्ण-शीर्ण होने और चहारदीवारी नहीं होने से जनता को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*251. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या 87 जाले)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021 में बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना द्वारा दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले प्रखण्ड में राजकीय यूनानी औषधालय, निमरौली, जाले का स्वास्थ्य उप केन्द्र का भवन निर्माण संबंधी निविदा आमंत्रण की थी जिसका आमंत्रण सूचना संख्या BMSICL/Infra/29/2021, दिनांक 06 दिसम्बर, 2021 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिनांक 08 जून, 2022 को निविदा में सफल निविदादाता को कार्य आवंटन कर दिया गया है किन्तु अभीतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण अविलम्ब शुरू करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर खोलना

*252. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या 62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ को मेडिकल हब के रूप में जाना जाता है, जहाँ प्रतिदिन हजारों मरीज इलाज हेतु आते-जाते हैं, परंतु पूर्णियाँ मेडिकल कॉलेज में कैंसर रोग के इलाज की सुविधा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्णियाँ कॉलेज में कैंसर रोग के इलाज हेतु कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य सेवा बहाल करना

*253. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत कोसी तटबंध स्थित बकुनिया, हाटी, केदली, डरहार, नौला, सत्तौर एवं शाहपुर पंचायतों की लगभग 65 हजार आबादी बाढ़ से प्रभावित रहती है, किन्तु अस्पताल CHC स्थापित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बकुनिया एवं हाटी पंचायतों में CHC स्वीकृत कर 24X7 समुचित स्वास्थ्य सेवा बहाल कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधा उपलब्ध कराना

*254. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-37 राजनगर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राजनगर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत राजनगर राज परिसर एक ऐतिहासिक स्थल है जहाँ भारत के साथ निकटवर्ती नेपाल से पर्यटक हजारों के संख्या में आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटकों को उक्त स्थल पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है एवं भवन जीर्ण शीर्ण है जिसके कारण पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक राजनगर राज परिसर को सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ सौन्दर्यीकरण कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना चाहती है, नही, तो क्यो ?

-------------

आवासीय क्वार्टर निर्माण कराना

*255. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत का बोधगया एक अतंर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल है जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में अवस्थित कार्यरत चिकित्सक, नर्स एवं कम्पाउंडर का आवासीय भवन जो जीर्ण शीर्ण था, जिसे वर्ष 2016-17 में संवेदक द्वारा ध्वस्त कर दिया गया परन्तु अभी तक आवासीय भवन का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, गयाजी के द्वारा उक्त संदर्भ में अपने पत्रांक 389, दिनांक 14 नवम्बर, 2029 एवं पत्रांक 1504, दिनांक 26 अक्तूबर, 2022 द्वारा सचिव, स्वास्थ्य विभाग से आग्रह किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोधगया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में आवासीय क्वार्टर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटकीय सुविधा मुहैया कराना

*256. श्री विष्णु देव पासवान (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के दरौली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोन में गुरू द्रोणाचार्य जी का जन्म स्थल है, तथा जन्म स्थल पर कोई भी पर्यटकों के लिए सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गुरू द्रोणाचार्य जी का जन्म स्थल पर पर्यटकीय सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*257. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत फुलपरास प्रखण्ड के रैतिनियाँ गाँव में विगत एक वर्ष पूर्व उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र में एक भी चिकित्सक पदस्थापित नहीं है जिस कारण वहाँ की जनता को इलाज कराने के लिए लगभग 17 कि०मी० की दूरी तय कर फुलपरास आना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रैतिनियाँ उप-स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक पदस्थापित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जर्जर तार बदलना

*258. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के ग्राम-भाग ताहिर वार्ड नं० 12 एवं रंगरैयया दानिश नगर, वार्ड नं० 09 में बिजली तारों की स्थिति जर्जर होने के कारण उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति नहीं मिल पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जर्जर तारों को बदलने हेतु प्रश्नकर्ता कई बार विभाग से शिकायत के बावजूद जर्जर तार नहीं बदल सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में जर्जर तारों को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

अस्पताल में सभी रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति

*259. मो० फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, सिकरहना (ढाका) में स्वीकृत पदों के उपाधीक्षक (1 में 1 रिक्त), फिजिशियन (2 में 2 रिक्त), जनरल सर्जन, (2 में 2 रिक्त), स्त्री रोग विशेषज्ञ (2 में 2 रिक्त), रेडियोलॉजिस्ट (2 में 2 रिक्त), ए ग्रेड नर्स (50 में 29 रिक्त) एवं प्रयोगशाला तकनीशियन/प्राविधिक/सहायक सहित अनेक तकनीकी पद पूर्णतः रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की कमी के कारण क्षेत्र के गरीब लोगों एवं महिला मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में सभी रिक्त पदों पर स्थायी प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो, क्यों ?

------------

ट्रांसफर्मर का निर्माण

*260. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड के चतरा गोबरौढ़ा दक्षिण पंचायत के वार्ड नं० 10 तथा वार्ड नं० 13 में ट्रांसफर्मर नहीं रहने के कारण यहाँ के लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वार्डों में एक-एक ट्रांसफर्मर लगाने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

पर्यटकीय सुविधा देना

*261. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या 232 बेलागंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र के बेलागंज में प्राचीन काली माता मंदिर अवस्थित है, उक्त मंदिर में प्रत्येक दिन हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक आते जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम भी संपन्न कराए जाते हैं परंतु मंदिर प्रांगण में विवाह हेतु मंडप, प्रतीक्षालय हॉल एवं पर्यटक हेतु पर्यटकीय सुविधा नहीं रहने के कारण पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार करते हुये पर्यटकीय सुविधा सहित विवाह मंडप, प्रतीक्षालय हॉल एवं शौचालय का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

न्यायालय का नये भवन का निर्माण

*262. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-231 टिकारी)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत वर्ष दिसम्बर, 1994 में प्रखण्ड-टिकारी को अनुमण्डल का दर्जा प्राप्त हुआ था, लेकिन वर्ष मार्च, 2023 से अनुमण्डल स्थित व्यवहार न्यायालय, टिकारी का संचालन पुराने एवं जर्जर रेफरल अस्पताल के भवन में किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त व्यवहार न्यायालय का अपना भवन नहीं रहने के कारण माननीय न्यायाधीश, कर्मियों, वकीलों एवं आम जन मानस को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त व्यवहार न्यायालय का नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना

*263. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखण्ड-पकरीवरावां के पंचायत-पोस्की के ग्राम लोदीपुर, बलियारी, बाजितपुर, चातरमोड महादलित टोला, ओदपुरा, विशनपुर, केसौरी इत्यादी ग्रामों में स्वास्थ्य उप केन्द्र/अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है जिसके कारण इन सभी ग्रामों के नागरिकों को प्राथमिक इलाज के लिये पकरीवरावां या वारिसलीगंज जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक ग्राम-लोदीपुर में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र/स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बार रूम एवं नए चैंबर्स का निर्माण

*264. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं की बढ़ती संख्या के अनुपात में बार रूम एवं नए चैंबर्स की समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिससे अधिवक्ताओं एवं वादकारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बार रूम एवं नए चैंबर्स के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*265. श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी (क्षेत्र संख्या-240 सिकन्दरा (अ0जा0))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत खैरा प्रखंड के तारातांड और सकदारी आदिवासी गाँव के पहाड़ में पंचभूर झरना है, जिससे अनवरत पानी का प्रवाह रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार प्रवाहित पंचभूर झरना को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मॉडल अस्पताल में उन्नयन कराना

*266. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के घनश्यामपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र 30 शैय्या के रूप में संचालित है, जो विशाल जनसंख्या की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुसार अपर्याप्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घनश्याम प्रखंड के समीप स्थित कीरतपुर प्रखंड में कोसी एवं कमला नदी से बाढ़ के समय चारों ओर से घिरे रहने तथा आपातकालीन स्थिति में गंभीर मरीजों को शैय्या के अभाव में इलाज से वँचित रहना पड़ता है तथा 60 किलो मीटर की दूरी तय कर दरभंगा जाना पड़ता है जिसमें अकसर ससमय समुचित इलाज के कारण मरीजों को जान तक गवानी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को मरीजों की संख्या तथा अर्हता के अनुरूप अपग्रेड कर सुविधायुक्त 50 बेड का मॉडल अस्पताल में उन्नयन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र का आधुनिकीकरण तथा चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति

*267. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले के डेहरी अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र में अत्याधुनिक उपकरण, सुविधाओं तथा चिकित्सक एवं महिला चिकित्सक का अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अनुमंडलीय स्वास्थ्य केन्द्र का आधुनिकीकरण करते हुए चिकित्सकों एवं महिला चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उप-स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन

*268. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत झंझारपुर प्रखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्ष 2006 में निर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र, मेंहथ के भवन में अबतक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन नहीं हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 6 लाख 48 हजार रुपये की राशि से बना यह भवन स्वास्थ्य संबंधी उपकरण एवं मानक के अनुसार सुविधा नहीं मिलने के कारण अनुपयोगी बना हुआ है एवं स्थानीय लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के निर्मित भवन का सदुपयोग एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित पद पर प्रतिनियुक्त करना

*269. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पदमपुर में डॉ0 आदित्य कुमार तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उदाहाट में डॉ0 जावेद आलम, चिकित्सक के पद पर पदस्थापित हैं, जबकि दोनों चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति अन्यत्र अस्पतालों में है, जिसके कारण रोगियों को उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर पदस्थापित कार्य स्थल पर वापस भेजने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन एवं बाउण्ड्री का निर्माण करना

*270. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बोचहां स्वास्थ्य केन्द्र का भवन एवं बाउण्ड्री नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों एवं रोगियों को परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र के भवन एवं बाउण्ड्री का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण

*271. श्री नंद किशोर राम (क्षेत्र संख्या-02 रामनगर (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज जोगिया के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जोगिया का भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण नर्सिंग स्टॉफ के रहने एवं केन्द्र के संचालन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अतिरिक्त उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन कराना

*272. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों/उप-केन्द्रों में नियुक्त ANM (Auxiliary Nurse Midwife) तथा GNM (General Nursing and Midwifery) कर्मियों को उनके गृह जिला या उसके पास के जिलों से काफी दुर अन्य जिलों में पदस्थापित किये जाने के कारण उनकी कार्य क्षमता, पारिवारिक उत्तरदायित्व पूरी करने में असमर्थ हैं, यदि हाँ, तो सरकार ANM/GNM कर्मियों को उनके गृह जिले या गृह जिले के पास के जिलों में कबतक पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना

*273. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र के 12 पंचायतों के नजदीक सेमापुर में एक भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण मरीजों को 20 किलो मीटर की दूरी तय कर कटिहार स्थित स्वास्थ्य केन्द्र जाना पड़ता है, जिस कारण मरीजों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सेमापुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण कराना

*274. श्री बशिष्ठ सिंह (क्षेत्र संख्या-209 करगहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड-शिवसागर के ग्राम-पताढ़ी में हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के भवन का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, पताढ़ी के भवन निर्माण के लिए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शिवसागर के पत्रांक 566, दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 के द्वारा अंचलाधिकारी, शिवसागर से भूमि का विवरण मांगा गया था ;

(3) क्या यह बात सही है कि अंचलाधिकारी, शिवसागर के पत्रांक 1687, दिनांक 6 दिसम्बर, 2024 के द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, पताढ़ी के भवन निर्माण हेतु चयनित भूमि का नजरी नक्शा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शिवसागर को उपलब्ध कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पताढ़ी में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*275. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दनियावाँ प्रखंड में एक अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु अंचलाधिकारी, दनियावाँ के पत्रांक 78, दिनांक 19 जनवरी, 2023 द्वारा मौजा-बाँकीपुर मछरियावाँ, थाना संख्या 127, खाता संख्या 137, खेसरा संख्या 855 पर निर्माण कार्य हेतु भूमि उपलब्ध कराया गया था, किन्तु दो वर्ष बीत जाने के उपरान्त अबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो सरकार उपलब्ध भूमि पर कबतक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण हटाना

*276. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) जिला के बापूधाम चन्द्रहिया में 12 करोड़ की लागत से वर्ष 2018-19 में गाँधी थीम पार्क का निर्माण हुआ, परन्तु इसको व्यवस्थित कर उद्घाटन नहीं होने से पर्यटक नहीं पहुँच रहे हैं जिसके कारण सरकार को राजस्व भी नहीं मिल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँधी थीम पार्क के मुख्य गेट के सामने महादलितों का बसावट है जिसे अतिक्रमण से मुक्त कराने में प्रशासन विफल रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पार्क के मुख्य गेट के सामने का अतिक्रमण हटाते हुए उद्घाटन कराकर व्यवस्थित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

11000 वोल्ट वाले तार को हटाना

*277. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नारायणपुर प्रखंड के नगरपारा दक्षिण पंचायत में ग्राम नगरपारा, थाना भवानीपुर के वार्ड नं0 06 के घनी आबादी के उपर से 11000 वोल्ट का तार गया है उक्त तार के पुराना होने से कई बार तार टूट कर गिरा है जिससे दुर्घटना होने कि संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार घनी आबादी वाले क्षेत्र से 11000 वोल्ट वाले तार को अन्यत्र ले जाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उच्चतर पद का प्रभार देना

*278. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा शल्य कक्ष सहायक को उच्चतर पद का प्रभार देने के लिए शल्य कक्ष सहायक पर्यवेक्षक का पद सृजन करने का निर्णय लिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ज्ञापांक 04/क्यू-01-23/2025, 1247 पटना, दिनांक 15 सितम्बर, 2025 द्वारा शल्य कक्ष सहायक पर्यवेक्षक के पद सृजन के लिए विभागीय समिति द्वारा प्रतिवेदन समर्पित करने के बावजूद पद सृजन नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शल्य कक्ष सहायक पर्यवेक्षक का पद सृजन कर शल्य कक्ष सहायक को उच्चतर पद का प्रभार देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*279. मो0 कमरुल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला में डॉक्टरों का कुल स्वीकृत पद 204 है जिनके विरुद्ध कार्यरत बल 60 है तथा 144 पद रिक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि डॉक्टरों की घोर कमी के कारण जिलावासियों का समुचित इलाज नहीं हो पाता और प्राइवेट डॉक्टरों और अस्पतालों में अपना इलाज करने के लिए विवश हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किशनगंज जिला में स्वीकृत पद के अनुरूप डॉक्टरों के पदस्थापन का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सकों का पदस्थापन

*280. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत बथनाहा पंचायत के प्रद्युमन छपरा एवं संग्रामपुर के भवानीपुर पंचायत में पकड़ी सहित 6 स्वास्थ्य उप केन्द्र तथा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित होकर हैंड ओवर हो चुके हैं परंतु अभीतक उनमें चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी स्वास्थ्य उप केन्द्रों एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार

*281. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, उर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर विधान सभा अंतर्गत सेमरी प्रखंड के पंचायत राजपुर परसनपाह में बिजली का तार पुराना एवं जर्जर होने तथा उक्त प्रखंड के पंचायत सहियार के ग्राम नाराखपुर में एवं ब्रह्मपुर प्रखंड के दक्षिणी नैनीजोर के ग्राम छोटकी नैनीडोर में आये दिन ट्रान्सफॉर्मर खराब रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तार की जर्जर होने एवं ट्रान्सफॉर्मर खराब होने से आये दिन बिजली की समस्या रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर जर्जर तार को बदल कर नया तार एवं ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

पैथोलॉजी पर कार्रवाई करना

*282. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र में अनेक अवैध नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी केन्द्र संचालित हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अवैध संस्थानों में अप्रशिक्षित कर्मियों द्वारा इलाज एवं जाँच किए जाने से मरीजों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है, साथ ही मरीजों से मनमानी वसूली, गलत जाँच रिपोर्ट एवं अनावश्यक इलाज के कारण आम जनता, विशेषकर गरीब वर्ग, शोषण का शिकार हो रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त संस्थानों पर नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी कार्रवाई के अभाव में इनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के अवैध नर्सिंग होम एवं अवैध पैथोलॉजी को बंद कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*283. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखंड के सिगोड़ी पंचायत का सिगोड़ी गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने के कारण दर्जनों गाँवों के ग्रामीणों, गर्भवती महिलाओं एवं वृद्धजनों को उपचार हेतु अन्यत्र दूर जाना पड़ता है और आपात स्थिति में गंभीर कठिनाइयाँ होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिगोड़ी गाँव कई गाँवों और पंचायतों का केन्द्रक और अल्पसंख्यक आबादी का बड़ा गाँव है जहाँ पूर्व में अस्पताल बनाने की योजना भूमि की अनुपलब्धता के नाम पर रोक दी गयी थी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक पालीगंज प्रखंड के सिगोड़ी गाँव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करना

*284. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट विधान सभा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बंदरा में केवल दो चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिनियुक्त रहने के कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने के कारण प्रसव एवं स्त्री रोग संबंधी उपचार हेतु कठिनाई होती है, साथ ही सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक मरीजों की संख्या के दृष्टिकोण से उक्त केन्द्र में मानक के अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराते हुए उत्क्रमित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली बिल माफ करना

*285. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत प्रखंड पुनपुन एवं फुलवारीशरीफ में आर्थिक रूप से कमजोर बी0 पी0 एल0 किसान, बटाईदार ऐसे किसानों का जिनका बिजली बिल एक लाख से उपर हो गया है, वे भुगतान करने में असमर्थ हैं, यदि हाँ तो क्या सरकार ऐसे किसानों का बिजली बिल माफ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराना

*286. श्री सुरेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड ठकराहा, मधुबनी, पिपरासी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है किन्तु उक्त केन्द्र में डॉक्टर, महिला डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मी प्रतिनियुक्त नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपकरण और एम्बुलेंस नहीं रहने के कारण ग्रामीण जनता को चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति करने के साथ चिकित्सा उपकरण और एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अनुग्रह राशि देना

*287. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज भैंसही के बलुही घाट पर दिनांक 15 अगस्त, 2005 को हुई नाव दुर्घटना में शिव कुमारी, हरेजा कुमारी, उषा कुमारी, सरस्वती देवी, रिंकी कुमारी, बबीता देवी, सायरा बानों एवं शकीला देवी की डूबने से मृत्यु हो गई थी तथा अबतक नदी में डूबने से उक्त मृत व्यक्तियों के परिजनों को अनुदान की राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी है, यदि हाँ, तो सरकार नौका दुर्घटना में उक्त मृतक के परिजनों को कबतक अनुग्रह राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वैकल्पिक व्यवस्था करना

*288. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के कहलगाँव अनुमंडलीय अस्पताल में स्वीकृत पदों के विरुद्ध विशेषकर स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, सर्जन, एनेस्थेटिस्ट जैसे महत्वपूर्ण पदों के रिक्त होने से स्थानीय जनता को निजी केन्द्रों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, इस कारण अधिकांश गंभीर मरीजों को भागलपुर रेफर करना पड़ता है, जिससे उपचार में देरी और आर्थिक बोझ बढ़ता है, यदि हाँ, तो सरकार इन रिक्त पदों पर कबतक स्थानीय नियुक्ति या वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रॉमा सेंटर बनवाना

*289. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित खबर के शीर्षक ''पटना गयाजी हाईवे पर जहानाबाद में पाँच साल में एक सौ दस लोगों की हुई मौत'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना-गयाजी हाईवे पर पिछले 5 वर्षों में 110 लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हुई है, परन्तु जहानाबाद जिले में एक भी ट्रॉमा सेन्टर नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जहानाबाद में ट्रॉमा सेंटर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन

*290. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चिरैया प्रखंड के हराजनरुल्लाहपुर पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण लोगों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य जांच कराने के लिये कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित कराना

*291. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत बिक्रमगंज नगर परिषद् में प्रस्तावित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नगर परिषद् में इंटरस्तरीय हाई स्कूल के समीप स्थल चयन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिक्रमगंज नगर परिषद् में स्थापित व संचालित कराने का विचार रखती विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण

*292. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लु गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के विधान सभा क्षेत्र-सुगौली अन्तर्गत प्रखंड रामगढ़वा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैरिया का भवन जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिस कारण स्वास्थ्यकर्मी एवं स्थानीय लोगों को इलाज कराने में घोर असुविधा का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र का भवन निर्माण कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

चहारदीवारी का निर्माण

*293. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रुपौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखंड-भवानीपुर स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र सोन्दीप में चहारदीवारी नहीं होने के कारण अस्पताल में चिकित्सा हेतु, आए मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों एवं चिकित्सकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त वर्णित अस्पताल का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वेंटीलेटर सेवा संचालित करना

*294. मो० आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत सदर अस्पताल में वेंटीलेटर की व्यवस्था नहीं रहने के कारण गंभीर रोगियों को हाईयर सेंटर रेफर कर दिया जाता है, जिसके कारण मरीजों पर जान-जोखिम में डालने एवं आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में वेंटीलेटर सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

समस्या का निदान

*295. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-137 मोहिउद्दीननगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि 137-मोहिउद्दीननगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत माधवपुर सराडी, रासपुर पतसिया पूर्व एवं पश्चिम का विद्युत् पोल एवं तार काफी जर्जर एवं कृषि ट्रान्सफॉर्मर खराब है, जिस कारण क्षेत्र में दुर्घटनाएँ एवं आमलोगों सहित कृषकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त समस्या का निदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

-------------

भण्डार केन्द्र की स्थापना

*296. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड चकाई में विद्युत् आपूर्ति भंडार केन्द्र नहीं है और विद्युत् आपूर्ति भंडार केन्द्र मल्लेपुर में है, जिसकी दूरी 100 कि०मी० से अधिक है, जिससे चकाई विधान सभा के विद्युत् उपभोक्ताओं को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विद्युत् उपभोक्ताओं के हित में उक्त वर्णित प्रखंड में विद्युत् आपूर्ति भण्डार केन्द्र की स्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा की राशि का भुगतान

*297. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर थाना अंतर्गत ग्राम+पोस्ट-दमोदरपुर निवासी भिखारी पासवान के पुत्र मुन्ना पासवान की मृत्यु दिनांक 8 सितम्बर, 2021 को बाढ़ के पानी में डूबने के कारण हुई थी उक्त घटना के लगभग चार वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद मृतक के आश्रित को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को मुआवजा की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

इनडोर फैसिलिटी

*298. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के मुरौल प्रखंडान्तर्गत मिठुलाल रामदुलारी देवी प्रसव एवं शिशु अस्पताल, पिलखी, में सभी प्रकार के आधारभूत संरचना उपलब्ध रहने के बावजूद वहां मात्र ओ०पी०डी० चल रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार प्रसव एवं शिशु अस्पताल, पिलखी में चौबीस घंटे इनडोर फैसिलिटी सेवा कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*299. श्री अविनाश मंगलम (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के रानीगंज प्रखंड अन्तर्गत पंचायत विष्टोरिया, भोड़हा, विसनपुर, मझुवा पश्चिम, मझुवा पूरब एवं अन्य पंचायतों में कृषि ट्रांसफॉर्मर नहीं होने से खेतों की समय से सिंचाई नहीं हो पाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा यह घोषणा किया गया है कि सभी खेतों के पास कृषि ट्रांसफॉर्मर लगाया जायेगा जिससे हर खेत को ससमय पानी मिल सके है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर कृषि ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*300. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा में माँ यक्षणी भलूनी धाम जो प्राचीन आस्था का प्रतीक है, यहां पर पड़ोसी जिलों तथा राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह धाम धार्मिक अनुष्ठानों का केन्द्र रहा है, जिसे विकसित करने से स्थानीय रोजगार तथा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

SDRF टीम की स्थायी प्रतिनियुक्ति

*301. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला भौगोलिक रूप से गंगा, बूढ़ी गंडक, बलान एवं बैंती जैसी बड़ी नदियों से घिरा हुआ है और यह क्षेत्र बाढ़ एवं डूबने की घटनाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है, जबकि जिले में SDRF की टीम सिमरिया में तैनात है, भौगोलिक दूरी के कारण जब बेगूसराय सदर, साहेबपुर कमाल, बखरी या भगवानपुर में दुर्घटना होने पर टीम को पहुँचने में 2-3 घंटे लग जाते हैं, जिससे निर्णायक समय में बचाव कार्य नहीं हो पाता है और कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बेगूसराय सदर एवं अन्य अनुमंडलों में रिस्पांस टाइम को न्यूनतम करने हेतु SDRF का विकेंद्रीकरण कर आवश्यक उपकरणों से लैस SDRF की टुकड़ियों की स्थायी प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित कराना

*302. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत गोह प्रखंड के मुख्यालय गोह में P.H.C स्थापित है एवं गोह के वर्तमान जनसंख्या के अनुसार पी0एच0सी0 से क्षेत्र की जनता को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान P.H.C में चहारदीवारी, नाला तथा पर्याप्त भवनों का निर्माण नहीं होने से जनता को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उपरोक्त P.H.C को C.H.C में उत्क्रमित करके सभी मूलभूत सुविधाएं बहाल करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर ग्रिड का निर्माण

*303. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया विधान सभा क्षेत्र के इसुआपुर, पानापुर एवं तरैया में पावर ग्रिड नहीं होने से ममरक पावर ग्रिड से विद्युत आपूर्ति की जाती है तथा दूरी अधिक होने के कारण आँधी-तूफान में हमेशा विद्युत् आपूर्ति बाधित रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों के लिए अलग से तरैया में पावर ग्रिड निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*304. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत बैदा पंचायत में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केन्द्र, भरनाठी में डॉक्टर प्रतिनियुक्त नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त केन्द्र में कबतक डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी बनाना

*305. श्री बैद्यनाथ प्रसाद (क्षेत्र संख्या-23 रीगा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैरगनिया में चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने के कारण अस्पताल में इलाजरत रोगी एवं चिकित्सक सहित सभी कार्यरत चिकित्सा कर्मियों के सुरक्षा का खतरा बना रहता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्वास्थ्ये केन्द्र में चहारदीवारी बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित कराना

*306. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड के मोरवा उत्तर पंचायत स्थित खुदनेश्वर धाम शिव मंदिर अवस्थित है तथा उक्त मंदिर परिसर में शिवलिंग एवं खुदनी दीदी का मजार एक ही छत के नीचे स्थापित है, जहाँ काफी संख्या में हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ पूजा और इबादत करते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मोबाईल वैन (गाड़ी) उपलब्ध कराना

*307. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधान सभा क्षेत्र नरकटिया, (ज़िला पूर्वी चम्पारण) अंतर्गत छौड़ादानो एवं बनकटवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जो सुदूर ग्रामीण इलाका एवं नेपाल सीमा पर अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण इलाका एवं नेपाल सीमा पर अवस्थित होने के कारण मरीजों को केन्द्र पर पहुँचने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त चिकित्सा केन्द्र में एक मोबाईल वैन (गाड़ी) उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

एक्स-रे मशीन संचालित कराना

*308. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रून्नीसैदपुर अस्पताल में अल्ट्रासाउण्ड मशीन एवं डिजिटल एक्स-रे मशीन नहीं रहने के कारण मरीजों को बाहर से अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्स-रे करवाना पड़ता है, जिससे मरीजों को आर्थिक शोषण पड़ता है, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र में अल्ट्रासाउण्ड एवं एक्स-रे मशीन संचालित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*309. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पुरनहिया प्रखंड के अशोगी ग्राम स्थित बौद्धि माता मंदिर जो लोकदेवी के रूप में प्रसिद्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कराते हुए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन

*310. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर मुशहरनियां गाँव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विगत 12 वर्ष पहले से स्वीकृत है, किन्तु सुचारू रूप से संचालित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर मुशहरनियां अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को संचालित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

श्मशान की घेराबंदी

*311. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय संकल्प संख्या 2905, दिनांक 11 जुलाई, 2014 द्वारा प्रचलित मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना की संशोधित मार्गदर्शिका, 2014 में समय-समय पर योजनाओं की अनुमान्य योजना सूची में सम्मिलित किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मार्गदर्शिका में श्मशान घेराबंदी योजना सम्मिलित नहीं है तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में बिहार विधान मंडल के सदस्यों द्वारा श्मशान घेराबंदी योजना का प्राय: डिमांड रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सराकर जनहित में उक्त मार्गदर्शिका में संशोधित कर श्मशान घेराबंदी योजना को सम्मिलित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

बिजली के पोल एवं तार स्थापित करना

*312. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ईस्ट ब्लॉक तथा नगर निगम के कई ग्रामीण एवं शहरी वार्डों में आजतक बिजली के पोल एवं तार स्थापित नहीं किए गए हैं जिसके कारण आम नागरिकों को एक से दो कि0मी0 दूर से बांस-बल्ली अथवा अन्य अस्थाई साधनों के सहारे तार खींचकर बिजली लेने को मजबूर हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पोल एवं केवल तार के अभाव में असुरक्षित ढंग से बिजली उपयोग किये जाने के कारण जान-माल की क्षति की आशंका बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त समस्या के स्थायी समाधान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण

*313. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत महिषी प्रखंड के भेलाही में स्वास्थ्य उप-केंद्र का निर्माण प्रस्तावित है, किन्तु पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध रहने के बावजूद अबतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापना कराना

*314. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड बोधगया के ग्राम पंचायत मोराटाल अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं कम्पाउण्डर, ड्रेसर सहित स्वास्थ्य कर्मियों की पदस्थापना नहीं होने से आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मोराटाल अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं कम्पाउण्डर, ड्रेसर सहित कर्मियों के पदस्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटक गेस्ट हाउस का निर्माण

*315. श्री विष्णु देव पासवान (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखण्ड के सोहगरा में स्थित हंसनाथ धाम में लाखों देशी एवं विदेशी पर्यटक प्रतिवर्ष आते हैं वहां पर श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आने-जाने एवं ठहरने के लिये पर्यटक गेस्ट हाउस नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार काशी विश्वनाथ धाम की तरह हंसनाथ धाम में कॉरिडोर का निर्माण एवं पर्यटक गेस्ट हाउस का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 06 फरवरी, 2026 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

वि०स०मु० 13 (एल०ए०), 2025-26 डी०टी०पी० -550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026